RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 90 • 12:04:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

चतुर्थ



### कूष्माण्डा

देवी मां के चतुर्थ रूप का नाम है, देवी कृष्माण्डा। कूष्माण्डा का संस्कृत में अर्थ होता है लौकी, कद्दू। अब अगर आप किसी को मज़ाक में लौकी, कद्दू पुकारेंगे तो वह बुरा मान जाएंगे और आपके प्रति क्रोधित होंगे। 'कू' का अर्थ है छोटा, 'ष' का अर्थ है ऊर्जा और 'अंडा' का अर्थ है ब्रह्मांडीय गोला सृष्टि या ऊर्जा का छोटे से वृहद ब्रह्मांडीय गोला। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में ऊर्जा का संचार छोटे से बड़े में होता है। यह बड़े से छोटा होता है और छोटे से बड़ा; यह बीज से बढ़ कर फल बनता है और फिर फल से दोबारा बीज हो जाता है।

# हरियाणा में स्कूल बस पलटी, 6 बच्चों की मौत

**22 से ज्यादा घायल, नशे में था ड्राइवर, फिटनेस भी एक्सपायर**



**महेंद्रगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में गुरुवार सुबह प्राइवेट स्कूल की तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 22 बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर है। महेंद्रगढ़ के कस्बा कनीना में स्थित जीएल पब्लिक स्कूल ईद पर छुट्टी के बाद भी खुला था। गुरुवार सुबह बस करीब 35 बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस बीच गांव उन्हानी के पास हादसा हो गया। 5 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादसे में मरने वाले बच्चों की पहचान सत्यम (16), युवराज (14), दो सगे भाई यशु व अंशु, वंश (14) और रिकी (15) के रूप में हुई है। इनमें से 4 एक ही गांव झाड़ली के हैं। महेंद्रगढ़ के एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे की घटना है। ड्राइवर के शराब के नशे में होने की सूचना है। हम उसका मेडिकल करवा रहे हैं। वह ज्यादा तेज गति से स्कूल बस चला रहा था। जिस वजह से बस रोड से फिसल गई और पेड़ से टकरा गई। इस मामले में पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति राव को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती जांच में पता चला कि ड्राइवर के नशे में होने पर ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी। दीप्ति ने कहा कि आज बस ले जाने दीजिए, कल हटा देंगे लेकिन उससे पहले ही ये हादसा हो गया। ईद की सरकारी छुट्टी होने पर स्कूल लगे होने पर एसपी ने कहा कि इस बारे में स्कूल अथॉरिटी से संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान देखेंगे कि इस मामले में स्कूल की क्या जिम्मेदारी बनती है, उस हिसाब से कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि गाड़ी के डॉक्यूमेंट पूरे न होने के बारे में भी जांच की जाएगी। हादसे के वक्त बस की रफ्तार काफी ज्यादा था।

# देशभर में ईद का जश्न

**नमाजियों पर बरसाए फूल**

**मौलाना बोले-गाय-बैल के कारोबार से दूर रहें मुस्लिम**

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/पटना (एजेंसी)।** देशभर में गुरुवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, समेत कई दिग्गज नेताओं और हस्तियों ने सोशल मीडिया के जरिए ईद की मुबारकबाद दी। प्रयागराज में नमाज पढ़ने पहुंचे नमाजियों पर फूल बरसाए गए। आगरा के ताजमहल में भी हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी। सिलिगुड़ी में स्टेडियम में ईद की नमाज पढ़ी गई। भोपाल में ताजुल मसाजिद में सबसे पहले नमाज पढ़ी गई। इस दौरान मुफ्ती अब्दुल कलाम ने मुसलमानों से गाय-बैल के कारोबार से दूर रहने की सलाह दी। भोपाल में सबसे पहले ईदगाह में सुबह 7.15 बजे ईद की नमाज अदा हुई। यहां शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी नमाज अदा कराई। राजधानी भोपाल में ताजुल मसाजिद में ईद की नमाज के बाद हुई तकरीर (प्रवचन) में मुफ्ती अब्दुल कलाम ने मुसलमानों से गाय-बैल के कारोबार से बचने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर बनाई जा रही मुसलमानों की छवि पर भी चिंता व्यक्त की। यूपी में गुरुवार को ईद मनाई जा रही है। लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। लोगों को ईद की बधाई दी। यूपी में करीब 29 हजार 439 मस्जिदों और 3865 ईदगाहों में ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ी गई। कानपुर की बड़ी ईदगाह में पहली



शिफ्ट में तकरीबन दो लाख लोगों ने नमाज अदा की। हरियाणा के नूंह जिले में 9 गांवों के किसानों ने ईद के त्योहार पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा कर अपना रोष जताया। किसानों ने कहा कि डेढ़ माह से किसान धरने पर बैठे हैं, सरकार उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहीं है। सरकार को जगाने के लिए किसानों ने ईद की नमाज काली पट्टी बांधकर अता की।

## अत्याचार सहने वाली कौम का वजूद भी नहीं बचता

- **अलीगढ़ के बाद लुधियाना में ईद पर फिलिस्तीन के लिए प्रदर्शन**



लुधियाना (एजेंसी)। पंजाब के लुधियाना में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज पर फिलिस्तीन के लिए भी दुआ की। यही नहीं इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग फिलिस्तीन के झंडे भी लेकर आए और लहराते दिखे। लुधियाना के फील्डगंज स्थित जामा मस्जिद का एक पुराना इतिहास रहा है और स्वतंत्रता संग्राम से भी इसका ताल्लुक रहा है। बीते साल भी यहां से करीब 2 लाख लोगों की परेड फिलिस्तीन के समर्थन में निकाली गई थी। ईद की नमाज के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन किया। इनके हाथों में इजरायल के खिलाफ लिखे नारों वाले पोस्टर भी थे। ईद की नमाज के बाद लोगों को संबोधित करते हुए पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा कि हम इस मौके पर उन लोगों को नहीं भूल सकते, जिन्हें इजरायली हमलों में जान गंवानी पड़ी।

## बीएसपी सांसद का इस्तीफा, एक घंटे बाद रालोद जॉइन की

- जयंत ने हाथ में बांधी हरी डोरी, मलूक नागर ने मायावती को भेजे लेटर में लिखा सियासी दर्द

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** बिजनौर से सांसद मलूक नागर ने गुरुवार सुबह 9 बजे बसपा से इस्तीफा दे दिया। इसके ठीक एक घंटे बाद यानी 10 बजे वो राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी के दिल्ली आवास पर पहुंच गए। वहां जयंत चौधरी ने पहले से प्रेस कॉन्फ्रेंस बुला रखी थी। जयंत ने मलूक नागर के साथ, उनकी



पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा नागर और यूपी सरकार में मंत्री रहे लखीराम नागर को रालोद जॉइन कराई। जयंत ने मलूक नागर को हरी डोरी पहनाते हुए कहा, मलूक नागर के आने से हमें और एनडीए को मदद मिलेगी। ये हरी डोरी, जो प्राकृतिक निशानी है। हमें धरती मां से जोड़ेगी। किसानों के प्रति हमारी जो जिम्मेदारी है, उसको हमेशा याद दिलाएगी। ये हमारे उनके रिश्ते की प्रतीक है। बसपा ने इस बार मलूक नागर को टिकट नहीं दिया था।

# कमजोर सरकार का दुश्मनों ने हमेशा ही फायदा उठाया है

**पीएम मोदी बोले-हम आज घर में घुसकर आतंकियों को मारते हैं**

**ऋषिकेश (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ऋषिकेश में चुनावी सभा करने पहुंचे। मंच पर डमरू बजाकर सभा में आई भीड़ का स्वागत किया। गढ़वाली भाषा में सभी को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर सरकारें रहीं, दुश्मनों ने फायदा उठाया, आतंकवाद ने पैर पसारे। आज मजबूत सरकार घर में घुसकर आतंकवादियों को मारती है। पीएम बोले, मां गंगा के तट से आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं, जब उत्तराखंड आता हूं तो अपनी पुरानी यादें ताजा कर लेता हूं, तमिलनाडु के लोग भी कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार। आज बाबा केदार की भूमि में हूं तो यहां भी लोग कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार। पीएम ने कहा- लोग मेरे खिलाफ कुछ भी बोलते जा रहे हैं। जब मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो विपक्षी लोग कहते हैं भ्रष्टचार कराओ। आप बताओ मैं सही कर रहा हूं न। क्या भ्रष्टाचार हटना चाहिए या नहीं, आप मेरा सहयोग करो, मैं देश से भ्रष्टाचार साफ कर दूंगा। कांग्रेस परिवार के साथ चलती है, मेरा परिवार देश है, आप सब हैं। मैंने उत्तराखंड की महिलाओं की पीड़ा को देखा है, जिन्हें पानी और लकड़ी के लिए दूर जाना पड़ता था। आज स्थिति बदल गई है, सभी के घरों में पानी-गैस पहुंच रही है। धामी सरकार शानदार काम कर रही है,



कांग्रेस विकास और विरासत विरोधी है। पीएम ने कहा- कांग्रेस के नेताओं के लिए तो पहले दिल्ली का शाही परिवार और फिर अपना परिवार ही सब कुछ है लेकिन मोदी के लिए तो मेरा भारत ही मेरा परिवार है। कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया था। घर जाकर निमंत्रण दिया था, लेकिन नहीं आए। कई अड़चनें आईं। लेकिन राम मंदिर बना। उत्तराखंड के लिए अच्छा करना हमारा दायित्व है। उत्तराखंड की धरती ब्रह्मकमल की है, यह कमल खिलना चाहिए। मेरा पल-पल आपके नाम है। मेरी गारंटी है 24/7 आपके लिए काम करूं। आप लोग उत्तराखंड की पांचों सीटों के प्रत्याशियों को जिताने का काम करें। पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ने हैं। पीएम ने कहा- जब कांग्रेस की सरकार थी, तब लोगों के हक का पैसा बिचौलिए खा जाते थे।

## जमुई में अबकी 'चिराग' को जलाए रखना बना चुनौती

**लालू ने बिछाया जाल, चिराग पासवान की प्रतिष्ठा दांव पर**

**जमुई (एजेंसी)।** बिहार के जमुई लोकसभा क्षेत्र (सुरक्षित) से चिराग पासवान ने पिछले दो चुनावों में एनडीए का 'चिराग' जलाए रखा है, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में लोजपा (रामविलास) और विपक्षी दलों के महागठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है।



नक्सल प्रभावित रहे जमुई सीट का महत्व यूं तो बिहार की आम लोकसभा सीटों की तरह रहा है, लेकिन इस चुनाव में लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान के बेटे और निर्वतमान सांसद चिराग पासवान की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। लोजपा (रा) के प्रमुख चिराग ने इस चुनाव में अपने बहनोई अरुण भारती को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुख्य मुकाबला महागठबंधन की ओर से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास से माना जा रहा है। पिछले चुनाव के बाद लोजपा दो गुटों में बंट गई थी।

**मोदी ने 16 लाख करोड़ अरबपतियों को दिए**

# उतना हम गरीब-पिछड़ों को देंगे

**राहुल गांधी बोले-30 लाख सरकारी नौकरी देंगे, ठेका-प्रथा बंद होगी**



अनूपगढ़ (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान के अनूपगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की 200 सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी, लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या। मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं। राहुल गांधी की इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में यह पहली सभा थी। वे जोधपुर लोकसभा सीट पर फलोदी में भी सभा को संबोधित करेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि 30 लाख सरकारी पोस्ट को नरेंद्र मोदी ने खाली रखा अपने 20-25 लोगों की मदद करने के लिए। हम 30 लाख सरकारी रोजगार लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकार की संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेंद्र मोदी कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस फिर से किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि सेना गांरटी देती थी कि यदि आप शहीद हुए तो परिवार को मुआवजा मिलेगा, कैंटीन मिलेगी, पेंशन मिलेगी। नरेंद्र मोदी ने अग्निवीर स्कीम लाकर भरोसा तोड़ा है। ये आर्मी ने नहीं कहा कि हमें अग्निवीर चाहिए, ये पीएम ऑफिस से लागू हुई है। जैसे ही सरकार आएगी, अग्निवीर योजना रद्द कर देंगे। पहले जैसी सुविधाएं देंगे।

## भारत के बाहर भी काम करती है 'मोदी की गारंटी'

**एस जयशंकर ने इजरायल-यूक्रेन का नाम लेकर समझाया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र 'मोदी की गारंटी' को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी केवल भारत ही नहीं बल्कि बाहर भी काम करती है। जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी भारत की सीमाओं से परे तक फैली हुई है। राजस्थान के बीकानेर में मीडिया से बात करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हर कोई जानता है कि इस चुनाव में देश पीएम मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास दिखाएगा। अगर आप योजनाओं पर नजर डालें तो पीएम मोदी की गारंटी ने पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में नीतियों का एक रिकॉर्ड बनाया है। इस दौरान जयशंकर ने इजरायल और यूक्रेन जैसे देशों का जिक्र किया जहां से बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो भारत सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए हमेशा तैयार रहती है। चाहे वे विदेश में संकट का सामना कर रहे हों या यूक्रेन, इजरायल या सूडान जैसे संकटों में फंसे हों... सरकार उन्हें सुरक्षित घर लाती है। जयशंकर ने कहा, विदेश मंत्री के रूप में मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि मोदी की गारंटी हमारी सीमाओं से परे भी काम करती है।

## दंगा भड़काने की कोशिश होगी, जाल में मत फंसना

- **कोलकाता में ईद की नमाज पर बोलीं सीएम ममता बनर्जी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने मुसलमानों से एकजुटता की अपील की और दंगा भड़काने वाले तत्वों से सावधान रहने को कहा। ममता बनर्जी ने कहा, चुनाव के दौरान कुछ लोग दंगा भड़काने की कोशिश करेंगे, उनके जाल में मत फंसना। इसके अलावा उन्होंने मुस्लिमों से कहा कि अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। यही नहीं ममता बनर्जी ने ईद के मौके पर भी सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता का डर मुस्लिमों को दिखाया। उन्होंने कहा कि हम इन तीनों को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि ये भारत के सेकुलरिज्म के खिलाफ हैं। इस मौके पर ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे।

## 'पाकिस्तान अगर आतंकवाद नहीं रोक पा रहा तो हम मदद को तैयार'

**राजनाथ का पड़ोसी देश को प्रस्ताव, कहा-आतंकियों को मारने भारत संकोच नहीं करेगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पाकिस्तान और चीन को लेकर लगातार हमलावर हैं। एजेंसी को दिए गए एक इंटरव्यू में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने के लिए मदद की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आंतकवाद पर काबू नहीं कर पा रहा है तो हम आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए मदद देने को तैयार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान से मेरी यही अपेक्षा है कि अगर वह आंतकवाद का सहार लेकर भारत की स्थिति को खराब करने की कोशिश करेगा तो इसका परिणाम उसको भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को लगता है कि वह



आंतकवाद पर काबू नहीं कर सकता है तो फिर पड़ोसी देशों से मदद ले सकता है। आतंकवाद पर काबू पाने के लिए भारत उनकी मदद करने को तैयार है। चीन के रुख पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बात दोहराई कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं। भारतीय क्षेत्र पर मोदी सरकार के रुख पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जमीन का एक इंच भी नहीं गया है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसा कभी नहीं होने देगी। वहीं, पीओके पर जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओके हमारा था, हमारा है और हमारा ही रहेगा। अगर भारत अस्थिर होगा तो पाक को परिणाम भुगतने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सारण में बालू माफियाओं से सांठगांठ में दारोगा समेत 8 सस्पेंड, गए जेल

**सारण, एजेंसी।** बालू माफियाओं से सांठगांठ व पासिंग एजेंट के संपर्क में आकर बालू से लदे ट्रकों को पार करने के मामले में सारण एसपी डॉ गौरव मंगला ने कड़ा एक्शन लेते हुए भगवान बाजार थाना के दारोगा, जमादार समेत आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया। उनके खिलाफ एफआईआर कर सभी को जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर चल रहा था। उसकी जांच कराई गई और जांच में मामला सही पाया गया। उसके बाद कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर भगवान बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि जिन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है उनमें सब इंस्पेक्टर अजीत प्रसाद, एएसआई किरण कुमारी, सिपाही संख्या 88 मनोज कुमार, सिपाही संख्या 942 सरिता कुमारी, सिपाही संख्या 1385 नेहा कुमारी, सिपाही संख्या 748 शिल्पी कुमारी, संतोष कुमार सिंह, सैप जवान श्याम किशोर सिंह शामिल हैं। एसपी ने आम आदमी से अपील की है कि अवैध वसूली करने वाले के बारे में सूचना 9431822989 नम्बर मोबाइल पर दे कर वीडियो और ऑडियो क्लिप के रूप में भेजें। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इसके पहले भी बालू माफिया और शराब माफिया से सांठगांठ रखने के मामले में कार्रवाई हो चुकी है और कई पुलिस पदाधिकारी को जेल भेजा गया है। उधर इस कार्रवाई के बाद से पुलिस महकमे में हडकंप मचा है। बता दें कि ये सभी पदाधिकारी 112 वाहन से अटैच हैं जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और कार्रवाई की गई है।

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ आज से शुरू

**भागलपुर, एजेंसी।** आस्था का महापर्व चैती छठ की शुरूआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगी। चार दिनों तक चलने वाली कठोर व्रत के दूसरे दिन शनिवार को खरना होगा। इसके बाद रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ पर्व का समापन हो जायेगा। पर्व को लेकर में घरों में उगऽ हे सूरजदेव अरघ के बेरिया..., दर्शन देहू न अपार हे दीनानाथ..., मरबो रे सुगवा धनुष से..., कांचही बांस के बहंगिया... जैसे लोकगीतों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया है। मिरजानहाट स्थित मां तारा कॉलोनी की श्वेता भारती ने बताया कि चैती छठ महापर्व कल से शुरू हो रही है। शुक्रवार को दोपहर में प्रसाद के रूप में अरवा चावल, चने की दाल, कद्दू की सब्जी, सेंधा नमक का उपयोग किया जायेगा।

### होल्डिंग टैक्स जमा कर लोग ले रहे छूट का लाभ

**भागलपुर, एजेंसी।** अभी नगर निगम का होल्डिंग टैक्स जमा कर लोग छूट का फायदा उठा रहे हैं। मात्र छह दिन में ही 3000 से ज्यादा लोग टैक्स जमा कर चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 को होल्डिंग टैक्स अप्रैल में जमा करने पर नगर निगम की ओर से पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है। छूट का यह फायदा अप्रैल, मई और जून के बीच होल्डिंग टैक्स का बिल जमा करने पर मिलेगा। इसके बाद अगले तीन माह जुलाई से सितंबर तक न तो छूट मिलेगी और न जुर्माना देना होगा। इसके बाद प्रत्येक माह 1.5 प्रतिशत का ब्याज देना होगा। एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक 3000 से ज्यादा लोग होल्डिंग टैक्स जमाकर इस छूट का फायदा उठा चुके हैं।

### रामदयालुनगर स्टेशन का प्लेटफॉर्म एक चालू

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** 119 दिन से बंद रामदयालुनगर स्टेशन का प्लेटफॉर्म एक बुधवार की रात से चालू कर दिया गया। आइओडब्ल्यू से फिटनेस के बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया गया है। 05511 समस्तीपुर-सोनपुर डेमू पैसेंजर ट्रेन रात नौ बजकर 42 मिनट पर गुजरी। मालूम हो कि, 13 दिसंबर 2023 को रामदयालु नगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म का पुनर्विकास कार्य के लिए बंद किया गया था। इस दौरान एक मीटर ऊंचाई और 50 मीटर से अधिक लंबाई बढ़ाई गयी है। सिर्फ दो नंबर प्लेटफॉर्म से ही परिचालन हो रहा था।

# तेजस्वी की सभा में हंगामा, सैकड़ों कुर्सिया टूटीं, टी-शर्ट लूटने की मची होड़



**औरंगाबाद, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज में मंगलवार को पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में हंगामा मच गया। तेजस्वी यादव जैसे ही मंच पर पहुंचे, भीड़ अत्यधिक उत्साहित हो उठी और बैरेकेडिंग को तोड़कर उसके आगे लगी कुर्सियों पर चढ़ गए और तेजस्वी के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। इतना ही नहीं सभा के खत्म हो जाने के बाद तेजस्वी यादव के मंच से उतरते ही भीड़ मंच पर चढ़ गई और मंच पर रखे आरजेडी की टी शर्ट लूटने की होड़ मचा दी। बांध कर रखे गए टी शर्ट की खेप को भीड़ ने लूट लिया। वहीं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि आडवाणी के रथ को लालू यादव जी ने रोका था और भाजपा के रथ को मैं रोकूंगा। अभय कुशवाहा पहले राजद में थे और फिर से पुराने घर में आए हैं। उन्होंने कहा कि चाचा पलट गए हैं। मुख्यमंत्री को हाई जैक कर लिया गया है। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने चुनाव में 10 लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी और उसके मुताबिक सात महीने में उन्होंने पांच लाख नौकरी दी थी। पांच साल और मौका मिलता तो कितनी और नौकरियां देते। कहा कि यह लडाई नया रास्ता दिखायेगा।

आरजेडी नेता ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। कहा कि वे कहते थे कि नीतीश के लिए दरवाजा बंद हो चुका है और डीएनए कहकर गाली दी गई लेकिन अब उनके साथ हैं। कहा कि मोदी आएंगे, फिर फुसलाएंगे, जिसमें नहीं आना है। कहा कि भाजपा झूठ की पार्टी है। कहा कि भाजपा के लिए महंगाई पहले डायन थी लेकिन अब भौजाई हो गई है। लालू यादव रेल मंत्री थे तो सभी कूली को स्थायी नौकरी दी। उस समय रेल भाड़ा कम था। तीन रेल कारखाना खोलने का श्रेय उन्हें जाता है। कहा कि भाजपा से न लालू जी डरे और न हम डरेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के झांसे मे न आये। महागठबंधन के उम्मीदवार अभय कुशवाहा को जिताने की बात कहकर माला पहनाई।



### विवाहिता की मौत पर पिता ने हत्या का लगाया आरोप

**नवादा, एजेंसी।** नवादा में विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के ईटपकवा गांव निवासी सुबोध यादव की 30 साल की पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। महिला तीन छोटे-छोटे बच्चों की मां भी बताई जा रही है। घटना के बाद पिता ने ससुराल वालों पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही कौआकोल थाना में आवेदन देकर बेटी के पति सुबोध यादव, ससुर अर्जुन यादव, सास और देवर पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि महिला की शादी 2014 में हुई थी। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा भेज दिया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दूल्हे की शक्ल देख दुल्हन का शादी से इनकार, रुपये वापस मांगने पर बवाल

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना में एक मंडप से दूल्हा और बारात इसलिए वापस लौट गयी कि दुल्हन ने दूल्हे की सूरत देखते ही शादी से इनकार कर दिया. दुल्हन के इनकार करते ही बाराती और घराती पक्ष के लोगों के बीच बवाल हो गया. दुल्हन का कहना था कि जो शादी करने आया है, उस लड़के से उसकी शादी तय नहीं हुई थी. उसकी शादी किसी और से होने जा रही है. वर पक्ष ने पूर्व में जिस लड़के को दिखाया था ये लड़का वो नहीं है. दूल्हे की शक्ल उस लड़के से नहीं मिलती है, जिसे उसे पहले दिखाया गया था. यह मामला पटना जिले के फतुहा का है.



#### लड़की वालों ने मांगी उपहार की रकम

लड़की के इस दावे के बाद लड़कीवालों ने भी दूल्हे का सेहरा हटा कर उसका चेहरा देखा और हैरान रह गये. लड़कीवालों ने शादी से इनकार करते हुए लड़के वालों से उपहार में दिए एक लाख रुपये लौटाने की बात कही. इसके बाद भारी बवाल मच गया. वर पक्ष के लोग आग बबूला हो गए. पीड़ित लड़की का कहना है कि उसे उस घर में शादी नहीं करनी है, उसके रुपये लौटाए जाएं. इसके बाद वहां हालात मारपीट के पैदा हो गये. दुल्हन के मना करने पर वर पक्ष वाले मारपीट पर उतारू हो गए. दूल्हेवालों ने दबंगई दिखाते हुए लड़कीवालों को विवाह भवन परिसर से भगा दिया.

#### पुलिस कर रही जांच, अब तक गिरफ्तारी नहीं

दुल्हन के परिवार वालों ने फतुहा पुलिस थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई है. लड़की का परिवार दीदारगंज थाना इलाके के गुलमगु हिया बाग का रहनेवाला है. उनका आरोप है कि अपनी बेटी की शादी फतुहा थाना इलाके के नोहटा निवासी झिम्मी यादव के बेटे राहुल के साथ तय की हुई. इस दौरान शादी के कारण उपहार स्वरूप एक लाख के गिफ्ट भी वर पक्ष को दिए गए थे. जब कन्या पक्ष वाले लड़के को देखने गए तो वर पक्ष ने होनेवाले दूल्हे राहुल के दूसरे भाई को दिखाकर उसके साथ शादी करने का दबाव बनाया. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है. अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. मामले को बातचीत से सुलझाने की भी कोशिश की जा रही है.



# मुजफ्फरपुर में बड़ी वारदात, दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से 51 लाख के गहनों की लूट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बुधवार को बाइक सवार अपराधियों ने ज्वेलरी शॉप से 51 लाख के सोने और चांदी के गहने लूट लिए। रामदयालू नगर में स्थित कोलकाता ज्वेलर्स में बाइक सवार तीन अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

घटना आरडीएस कॉलेज के पास की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार ज्वेलर्स की दुकान में सबसे पहले एक अपराधी सोने की चेन खरीदने के लिए पहुंचा। उसने अलग-अलग डिजाइन देखा। फिर बताया कि वजनी चेन दिखाओ, जिसके बाद सेल्समैन ने काउंटर पर अलग-अलग चेन का सेट निकाला। इस दौरान अपराधी ने दुकान के बाहर खड़े अपने दो अन्य साथियों को भी दुकान के अंदर बुला लिया। तीनों अपराधियों ने हथियार के बल पर सेल्समैन से सोने के गहने लेकर बैग में भर लिया और फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी अवधेश सरोज दीक्षित भी जांच के लिए पहुंचे। छानबीन के बाद सिटी एसपी ने कहा कि अपराधियों ने 51 लाख रुपए का गहना लूटा है। बाइक से पहुंचे अपराधी रामदयालू नगर रेलवे गुमटी की ओर फरार हो गये।



### डंपर ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, 2 की मौत

**सासाराम, एजेंसी।** रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र के एनएच-2 फोरलेन पर बुधवार की देर रात सड़क हादसे में ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सभी कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के उमापुर गांव के थे, ये ट्रैक्टर पर सवार होकर औरंगाबाद के महुआ धाम जा रहे थे। ट्रैक्टर जैसे ही टेकारी गांव के पास पहुंचा तभी एक डंपर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची चेनारी थाना की पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद डंपर भी सड़क किनारे पलट गया है। मृतकों की पहचान बंधन कहार, और अनिल बारी के रूप में हुई है। दोनों कैमूर के रहने वाले थे। घायलों में पूनम देवी, रीता देवी, राजू, धिरन प्रजापति, निर्मला देवी, श्याम नारायण, सविता देवी, पुष्पा देवी, सुरेंद्र, मुन्नी देवी, सूरज कुमार, राज दुलार, उदय, सियाराम, चंदा देवी, संध्या देवी, आशा देवी एवं रीता देवी शामिल हैं। उनका इलाज सदर अस्पताल के जनरल वार्ड में चल रहा है। चेनारी थानाध्यक्ष ने बताया कि कि दुर्घटना में दो की मौत हुई है, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बिहार में 120 रूटों पर दौड़ेंगी 376 नई बसें, परिवहन विभाग ने की तैयारी, यात्रियों को सुविधा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में 120 रूटों पर नई बसें चलाने की योजना है। इन मार्गों पर 376 बसों की आवश्यकता बताई गई है। बसों के परिचालन को लेकर परिवहन विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। हालांकि, भविष्य में अन्य मार्गों पर भी जरूरत के अनुसार बसों के परिचालन की योजना है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने बसों के परिचालन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाई है। पिछले दिनों वाहन मालिकों को इसके लिए आमंत्रित भी किया गया था। इन रूटों पर बसों के परिचालन को लेकर रिक्तियों को सार्वजनिक किया गया है। इन रूटों पर 2 से 21 तक बसें चलाने की योजना है। कुछ रूटों पर 4, 6, 8, 10, 13, 16 बसों की जरूरत बताई गई है। ये सभी रूट राज्य के अंदर के हैं और विभिन्न जिलों को आपस में जोड़ते हैं। यही नहीं इसमें लगभग सारे प्रमुख शहरों को अन्य शहरों या जिला मुख्यालय से जोड़ने की योजना है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण छोटे शहर भी हैं, जहां बसों के परिचालन की जरूरत महसूस की गई थी। पिछले दिनों राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में बसों के परिचालन को लेकर आम लोगों की जरूरतों का आकलन किया था। इसी आधार पर इन मार्गों का चयन किया गया है। ये सारे मार्ग निगम के अधिसूचित मार्ग हैं। बिहार में कई रूटों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। यात्रियों की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी भी हुई है। लेकिन, जरूरत के अनुसार इन मार्गों पर बसों का परिचालन नहीं हो पा रहा है। लिहाजा, राज्य सरकार ने जरूरत के तमाम मार्गों पर यात्रियों की सुविधा के लिए नई बसों का परिचालन करने की योजना बनाई है।





### पीरपैंती में निकाल गया फ्लैग मार्च

**पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड में ईद, चैती दुर्गा पूजा, चैती काली पूजा, रामनवमी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीपीओ कहलगांव 2 अर्जुन कुमार गुप्ता, बीडीओ अभिमन्यु कुमार, सीओ मनोहर कुमार, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार, ईशीपुर थानाध्यक्ष रवि शंकर, शिवनारायणपुर थानाध्यक्ष राजेश यादव सहित बिहार पुलिस, सीआरपीएफ जवान बड़ी संख्या में शामिल थे। फ्लैग मार्च पीरपैंती, सुंदरपुर, शेरमारी, नौवाटोली, डोमन खुटहरी आदि में किया गया। लोगों से त्योहार शांति एवं मिलजुलकर मनाने को कहा गया। साथ ही मतदाताओं को भयमुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने कहा गया।

# दुकान का ताला तोड़ 1.25 लाख की चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद, नोट गिनते दिख रहे चोर



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में मेडिकल शॉप का ताला तोड़ चोरों ने 1.25 लाख की चोरी की है। ये दिन भर की कमाई थी। दवा के थोक विक्रेता अपनी दुकान बंद कर रोजाना की तरह अपने घर चले गए थे। तीन की संख्या में आए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने लोहे की रॉड से पहले शटर का ताला और फिर कैश बॉक्स का लॉक तोड़ा। शॉप में रखे सवा लाख कैश लेकर भाग निकले। चोरी की ये पूरी वारदात शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोर नोट गिनते दिख रहे हैं। पीड़ित मेडिकल शॉप संचालक ने सहायक खजांची थाना में आवेदन दिया गया है। घटना मंगलवार रात की है। मामला तब पता चला जब पीड़ित ने बुधवार को थाने में आवेदन दिया।

#### दवा की थोक दुकान है

शहर के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के लाइन बाजार स्थित कुंडी पुल के समीप स्थित नेशनल डिस्ट्रीब्यूटर नाम के दवा की थोक दुकान है। पीड़ित दवा दुकान संचालक दवा के थोक विक्रेता हैं। वहीं पीड़ित मेडिकल शॉप संचालक की पहचान सहायक खजांची थाना क्षेत्र निवासी छोटू कुमार साह के रूप में हुई है।

#### सुबह स्टाफ ने दी जानकारी

पीड़ित संचालक छोटू कुमार साह ने बताया कि वे रोजाना की तरह देर रात शॉप बंद कर घर चले गए थे। सुबह स्टाफ ने देखा शटर का ताला टूटा हुआ है। स्टाफ ने कॉल कर चोरी की सूचना दी। वहीं जिसके बाद मैं शॉप पहुंचा। जहां कैश बॉक्स में रखे गए 1.25 रुपए गायब थे। सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया। जिसमें तीन की संख्या में आए चोर दिखे। उनकी हर एक हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वारदात को अंजाम देने के लिए लोहे की रॉड अपने साथ लाए थे। इसी रॉड से चोरों ने शटर और कैश बॉक्स का लॉक तोड़ा। दिन भर की कमाई गई सवा लाख रुपए कैश लेकर भाग निकले।

#### मामले की जांच की जा रही है

शॉप संचालक ने बताया कि शाम हो जाने की वजह से वे ये कैश बैंक में जमा नहीं करा सके थे। सहायक खजांची थाना में आवेदन दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया गया है। सहायक खजांची थाना अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### लूट के मामले में 10 साल से फरार अपराधी गिरफ्तार

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के भोरे थाना की पुलिस ने लूट के मामले में 10 साल से फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की पहचान सीवान के निवासी रंजन सिंह के रूप में किया गया है। उससे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि रंजन सिंह के ऊपर आधा दर्जन से अधिक लूट व डकैती के मामले दर्ज है।



पुलिस इसकी तलाश लगातार कर रही थी। सीवान के पचलखी में छापेमारी कर एक दुकान से इसको गिरफ्तार किया गया है। आरोपी भोर थान क्षेत्र में साल 2011 से लेकर 2015 तक लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। वहीं साल 2014 में इसने एक गाड़ी में मौजूद लोगों को लूटा था।


## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार की खोज में जा रहे मंझौल के युवक की ट्रेन से गिरकर केरल में मौत



**मंझौल। बेगूसराय।** मंझौल पंचायत दो वार्ड 10 निवासी स्व.महेश्वर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र बच्चन कुमार का केरल में रेल से गिरकर मौत के बाद बुधवार को शव मंझौल आने से कुहराम मच गया। उक्त युवक रोजगार की खोज में ससुर के पास केरल जा रहा था। ट्रेन से जाने के क्रम में 8 अप्रैल को केरल के कोट्टापल्लम तथा त्रिशूल स्टेशन के बीच ट्रेन के गेट से गिरकर उक्त युवक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर त्रिशूल स्टेशन से 23 किलोमीटर दूरी पर युवक का शव पुलिस ने बरामद कर केरल में ही पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने शव को एयर एम्बुलेंस से पटना लाया। पटना से एंबुलेंस के द्वारा घर तक लाया गया। मृतक के ससुर केरल में प्लाईवुड कंपनी में कार्य करते थे। परिवार पर टूटा विपत्तियों का पहाड़:परिवार के कमाऊ सदस्य के दुर्घटना में मौत से परिवार पर भी विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे परिवार में पत्नी के अलावे एक पुत्र प्रशांत कुमार(7 वर्ष) एवं एक पुत्री रुद्राक्षी(5 वर्ष) को छोड़ गया

### राष्ट्र हित में मतदाता सत- प्रतिशत करें मतदान : आलोक



**बरौनी / बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, बैठक की अध्यक्षता कॉलेज अध्यक्ष आलोक कुमार एवं संचालन नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने किया बैठक मेंअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई के कार्यकर्ताओं ने व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलने का निर्णय लिया। इस दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को मतदान का महत्व बताने का काम करेगी विद्यार्थी परिषद ।बैठक को संबोधित करते हुए एलएनएमयू छात्रसंघ अध्यक्ष ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने सभी गांव एवं बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया है, उन्हें लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक देश के नागरिक मतदान करें। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा चुनी गई सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है। मतदाताओं की जागरूकता व भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगा। हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं चुनते, बल्कि भारत की दिशा और दशा तय करते हैं, हम अपने वोट से सुरक्षित करते हैं कि भारत के भविष्य व विकास की गति क्या होगी। प्रत्येक चुनाव में मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी ने भारत के नागरिकों की लोकतंत्र में आस्था को सिद्ध किया है । मौके पर नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं नगर सह मंत्री अजय कुमार ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अभियान समिति का गठन एक-दो दिनों में कर लिया जाएगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के अभियान संयोजक के रूप में दायित्व सौंपा जाएगा। पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर तक समिति का विस्तार किया जाएगा। मौके पर नगर सह मंत्री शिवम कुमार चौधरी कॉलेज उपाध्यक्ष स्वराज कुमार कॉलेज मंत्री प्रभाकर कुमार एसएफडी प्रमुख प्रभाकर कुमार सुजीत कुमार, प्रमुख राजकुमार राज जलकांत , कृष्ण ,अमन मोहन ,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित है।

### शांति पूर्वक संपन्न हुआ माहे -रमजान का महापर्व ईद



**गढपुरा बेगूसराय।** मुसलमान भाइयों के द्वारा एक माह तक चलने वाला माहे रमजान का महापर्व ईद प्रखंड क्षेत्र मे ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्वक ढंग से ईद की नवाज्र अदा कर एक दुसरे से गले मिल मुबारक बाद देते हुए संपन्न हुआ.इस अवसर पर गुरुवार कि सुबह निर्धारित समय पर सभी मस्जिदों में मुसलमान भाइयों ने ईद के अवसर पर नमाज अता कर एक दूसरे से गले मिल बधाई दी.बताते चलें कि ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है. इसे मीठी ईद भी कहा जाता है. ईद का त्योहार भाईचारे और शांति का संदेश देता है. इस मौके पर घरों में खास तरह की सेवईयां बनाई जाती है और एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है. बुधवार की शाम ईद-उल-फितर का चांद नजर आया. चांद नजर आते ही लोगों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया और एक-दूसरे को ईद की बधाई दी.गुरुवार सुबह से ही ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में अदा की गई.ईद पर्व के मद्देनजर नजर प्रखंड क्षेत्र में सभी मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसको ले थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिमोहन कुमार पुलिस बलों के साथ विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों से बातचीत कर शांति पूर्वक ईद पर्व मनाने का अपील करते हुए नजर आए। ईद पर्व को ले प्रखंड क्षेत्र के मालीपुर ,कोरैय, सुजानपुर ,राहुल नगर, धर्मपुर ,गढपुरा ,कुंम्हारसों, रजौड़, सोनमां प्राणपुर आदि गांव के मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी जहां लोगों ने आपसी सौहार्द वातावरण के बीच ईद का पर्व संपन्न हुआ.

### इनामी सूटर मो0 नियाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चेरियाबरियारपुर (बेगूसराय)।** चेरियाबरियारपुर पुलिस ने बुधवार की रात्रि थाना क्षेत्र के कुख्यात इनामी अपराधी नागमणि महतो उर्फ नागो गैंग के शुटर पचास हजार रूपये के इनामी खोदाबंदपुर निवासी सक्रिय अपराधी मो नईम के पुत्र मोहम्मद नियाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त बाबत पुलिस कप्तान के निर्देश पर मंझौल एसडीपीओ नवीन कुमार ने चेरियाबरियारपुर थाना पर प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दिया। उन्होंने बताया थाना पुलिस, एस टी एफ, एस ओ जी-03 जिला आसूचना इकाई की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर थाना क्षेत्र के कुंभी दुर्गा स्थान से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि इस कुख्यात अपराधी के ऊपर खोदाबंदपुर एवं चेरियाबरियारपुर थाना में कुल 08 मामले अंकित हैं । जिसमें चेरियाबरियारपुर थाना में 02 मामले एवं खोदावंदपुर थाना में 06 मामले हैं। इसके ऊपर हत्या, रंगदारी, चोरी, लूट एवं आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामलों का आरोपी नियाज फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि इस गैंग के खात्मे से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।

# देश एवं समाज को जोड़ने की कड़ी है स्काउट एंड गाइड - राज्य सचिव





**चाणक्य भूमि। गढ़हरा बेगुसराय**

ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय हाजीपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय राज्यरैली कार्यक्रम के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेश कुमार मंडल राज्य सचिव सह उप मुख्य सामग्री प्रबंधक ने कहा कि देश और समाज को जोड़ने की कड़ी है उन्होंने ने कहा कि रेल हो या देश दोनों प्लेटफार्म पर अपने सामाजिक कार्यों को करने में स्काउट एंड गाइड संस्था की अपनी अलग पहचान है।मौके पर सुरजीत सिंह जिला आयुक्त स्काउट सह वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ने कहा कि छह जिला संघो के आये हुए स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने आज जो अपने कला एवं हुनर का प्रदर्शन किया है वे काविले तारीफ है।उन्होंने ने कहा कि मुख्यालय द्वारा आयोजित इस रैली में जो जिला संघो के द्वारा जो पीजेंट शो,एक्का बना,कैम्प फायर,मार्च पास्ट,फेस पेंटिंग, फ़ैनशी ड्रेश कम्पटीशन, क्विज कम्पटीशन आदि में बच्चे भाग लिए है वे कविले तारीफ है। वही मौके पर जैश कुमार सहायक राज्य सचिव सह सहायक कार्मिक अधिकारी ने कहा कि मै स्काउट एंड गाइड के क्रिया कलाप को देख कर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ की इस संगठन से जुरा हूं और इसके लिये कार्य करता हूं, सही मायने में इन बच्चों ने जो आज अपनी प्रस्तुति दी है कविले तारीफ है।रैली निदेशक ने बताया कि शुक्रवार



को सुबह में स्काउट,गाइड,रोवर एंव रेन्जर के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी।इस रैली में जिला संघों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, धनबाद, गरहरा, दानापुर,सोनपुर एवं सोनपुर के लगभग 546 सदस्य भाग ले रहे है जिसमे जिला संघ गरहरा से जीवानन्द मिश्रा, शशिकांत, चंद्रमोहन रावत, संजय कुमार, अमरावती, निक्की कुमारीं, गायत्री मल्होत्रा, प्रांजल, विकाश कुमार, हिमांशु मिश्रा, शासी कुमार के अलावे गरहरा के 67 सदस्यों भाग ले रहे है। वही नीरज चंद्र मिश्र, संतोष कुमार तिवारी, अशोक कुमार सिंह, संटू कुमार, दिनेश तिवारी सहयोग कर है।

## ईद पर बारो व गढ़हरा में मिलन समारोह



**चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय**

मुस्लिम भाइयों का पवित्र त्यौहार ईद को लेकर गुरुवार को बारो और गढ़हरा में कई जगहों पर मिलन समारोह का आयोजन हुआ।लोग एक दूसरे को गले मिलकर खुशियों का सौगात दिया। वहीं ईदगाह में लोगों ने खूब आनंद लिया।दोनों जगहों पर मेला जैसा नजारा दिखा।बच्चे व बड़े काफी खुश थे।सुबह में लोगों ने मस्जिदों में जाकर नवाज अदा की। गढ़हरा आशिकपुर में मो दानिश महबूब के आवास पर बड़ी संख्या में लोगों का आगमन हुआ। लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर सर्वधर्म सदभाव के जरिए प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया गया। बारो के पूर्व मुखिया मो जफर आलम और मो तलअत अहमद के आवास पर मिलन समारोह का आयोजन हुआ।वही इस मौके पर कुमार विनीताभ, संजय सिंह, रंजीत कुमार,दानिश महबूब, मोनाजीर अहसन, चांद आलम, आशिफ इकबाल, मोफिजुर रहमान, नियाज़,मंजर आलम, मुसीर आलम, मो रेहान, शहादत हुसैन , तौफिक आलम, हाजी तसनीम इकबाल साजिद महबूब, मो जावेद, शाकिर हुसैन, रिजवान आलम आदि थे।बताया कि मक्का से पैगंबर हजरत मोहम्मद के प्रवास के बाद पवित्र शहर मदीना से ईद का पर्व मनाने की परंपरा शुरू हुई थी। इसके अलावा यह भी माना जाता है कि पैगंबर हजरत मोहम्मद ने बद्र की लड़ाई में फतह भी हासिल की थी। इस जीत की खुशी में अपने अनुयायियों का मुंह मीठा करवाया था।इस्लाम धर्म के अनुसार, ईद मनाने से पहले मुसलमान समुदाय के लिए चांद देखना जरूरी होता है। मान्यता है कि शरीयत में अपनी आंखों से देखने और गवाही से ही सुबूत का एतबार है। इसलिए शब-ए-बारात, शब-ए-कद्र, ईद और ईद-उल-अजहा जैसे त्योहार से पहले लोग चांद देखते हैं।

## अश्विनी चौबे का टिकट काटा गया उन्होंने कहा मैंने कभी कल्पना नहीं की थी



**चाणक्य भूमि संवाद सूत्र**

**अपने टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं भी ढूंढ रहा हूं कि आखिर क्या कारण है? हमारे में क्या खोट है? जिस वजह से हमारा टिकट काटा गया मैंने तो BJP को सींचा है**

अपना टिकट कटने से अश्विनी चौबे नाराज बताए जा रहे हैं। परन्तु उन्होंने कहा कि पार्टी सब समझती है, पार्टी ने सब कुछ दिया है मुझे। पार्टी ने दिया तभी तो मैं 7 बार विधायक और सांसद बना हूं। मैंने जीवन में कभी पराजय का सामना नहीं किया। बिहार में लगभग 10 साल मंत्री रहा, केंद्र में मोदी जी के मार्गदर्शन में आज भी मंत्री हूं। मुझे इसकी पहले से कोई सूचना नहीं थी। मुझे टिकट कटने का गम भी नहीं है। हम लोग तो टिकट बांटने वाले थे। मैं तो कभी बेटिकट चलता भी नहीं ट्रेन में। मैं बेटिकट हो जाऊंगा, यह कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन पार्टी ने कुछ सोचा-समझा होगा।

## शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद उल फितर की नमाज

**लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद दिया**





**चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय**

ईद उल फितर (इस्लाम) और मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इसे ईद उल फितर कहा जाता है। मुसलमानों के द्वारा रहमतों और बरकतों का महीना रमजान खत्म होने पर अल्लाह के तरह से ईद उल फितर त्योहार मुसलमानों के लिए एक बड़ा तौफा के रूप में दिया जाता है। इसमें खुशी और आंनद का एक अर्थ भी है। इस दिन मुसलमानों के द्वारा रमजान का एक महीना का उपवास खत्म होता है। इस लिए इस दिन को ईद उल फितर का त्योहार काहा जाता है। वही बुधवार की साम चाँद दिखने के बाद गुरुवार को ईद उल फितर शांति सौहार्द एवं भाईचारे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। ईद को लेकर तेघड़ा प्रखंड के विभिन्न मस्जिद एव ईदगाह में सुबह ईद उल फितर की नमाज अदा किया गया। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गये मिलकर बधाई देते दिखे। छोटे बच्चे में सुबह से ही काफी खुशी और चहल पहल दिखने को मिला। खासकर बरौनी नगर परिषद पुरानी ईदगाह, रहमानी ईदगाह गंज , जमा मस्जिद बरौनी में गुरुवार की सुबह काफी संख्या में लोग ईदगाह पहुंचकर ईद का नमाज अदा किया।

**ईद उल फितर पर बोले बरौनी जमा मस्जिद के इमाम** - बरौनी जमा मस्जिद के इमाम मौलाना मुफ्ती कयाम उद्दीन कासमी ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे का त्योहार है हमे इस त्योहार को आपस मे मिलजुल कर मनाए आपसी मुहब्बत और प्यार एक दूसरे को बाते खास कर ईद के त्योहार में अपने मादरे वतन और हमारे गैर मुस्लिम भाइयो को इस त्योहार में खास कर बुलाये और ईद जैसे पवित्र त्योहार में एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भाईचारे का मिसाल पेश करे। और नामज के दुआ में मुल्क में आपसी भाईचारे,बने रहे इसके लिए दुआ किया गया। नमाज में काफी भीड़ देखते हुए फुलवारिया थाना थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सिंह बरौनी रेल थानाध्यक्ष, बरौनी आरपीएफ फोर्स,अपने पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ईदगाह परिसर के आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। वही फुलवारिया थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सिंह , रेल थानाध्यक्ष, आरपीएफ जवानों ने ईद की नमाज अदा किए मुसलमान भाईयो को ईद की बधाई देते दिखे। ईद के दिन कई जगह लोगो के द्वारा ईद मिलन समारोह किया गया लोग रुक रुक कर सेवई खाते दिखे और एक दूसरे से गले मिलते हुए ईद की बधाई दी। वही समाजसेवी मोहम्मद लालबाबू में ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद आपसी भाईचारे का त्यौहार है लोग इस त्यौहार को आपसी भाईचारा से मनाएं एक दूसरे से गले मिले चाहे वह हिंदू हो मुस्लिम हो या अन्य किसी धर्म का हो यह त्यौहार सबके लिए है इसलिए हम सब मिलकर इस त्यौहार को मनाएं ईद के दिन प्रशासनिक सुरक्षा में दिखा मुस्तैद, काफी संख्या में जगह जगह पुलिस बल की की गई थी व्यवस्था, थानाध्यक्ष खुद थामे थे सुरक्षा का कमान पुलिस बल भी एक दूसरे से गले मिलकर लोगो को दे रहे थे ईद की बधाई सुरक्षा व्यवस्था देख लोगो ने पुलिस की की सराहनीय प्रशंसा

# श्याम महोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर

**चाणक्य भूमि। बखरी बेगूसराय**







19 अप्रैल से शुरू हो रहे दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है बखरी में दूसरी बार खाटू श्याम का दरबार सजने वाली है। श्री श्याम महोत्सव 19 अप्रैल और 20 अप्रैल को होने जा रहा है इसमें कोलकाता के लव अग्रवाल ,इंदौर कि अधिष्ठा अनुष्का भोपाल कि निशा द्विवेदी और फरीदाबाद कि राशी पटानी अपनी भजन गीत व संगीत की प्रस्तुति के माध्यम से बाबा श्री श्याम का गुणगान करेंगे 19 अप्रैल की सुबह ऊं श्याम हनुमान मंदिर से उत्सव स्थल हनुमान राइस मील तक श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली जाएगी जानकारी देते हुए श्री श्याम परिवार के सचिव विवेक खेतान ने बताया कि शाम 5:00 बजे से बाबा का गुणगान होगा अगले दिन फिर 20 अप्रैल को 11:00 बजे सुबह से बाबा का गुणगान होगा जिसमें श्री श्याम परिवार द्वारा स्थानीय सभी संस्थाओं के सदस्यों को साथ आने के लिए आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम के संयोजक अशोक इश्वर ने बताया कि श्री श्याम परिवार में 31 सदस्य जिनका भरपूर सहयोग मिल रहा है।सभी सदस्य को अलग-अलग कार्य सौंप दिया गया किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी सदस्य हमेशा बाबा के काम में लगातार तत्पर पर रहेंगे।

## सिक्युरिटी गार्ड की हत्या पुलिस कर रही छानबीन

**चाणक्य भूमि। बेगुसराय**

रिफाइनरी थानान्तर्गत घटित घटना के संबंध में:- दिनांक 11.04.24 को दिन में रिफाइनरी थाना को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम केशावे स्थित एक प्राइवेट कंपनी (पैसिव इंफा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लि०) में तैनात सिक्योरिटी गार्ड आदित्य कुमार पाठक पे०-आजाद पाठक सा० रतौली, थाना-सिंघौल, जिला-बेगूसराय का शव ड्यूटी परिसर में पड़ा हुआ है।» प्राप्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष रिफाइनरी पु०अ०नि० अमरजीत प्रताप सिंह एवं सशस्त्र बल रिफायनरी थाना के द्वारा अविलंब घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की जाँच-पड़ताल की गयी» आस-पास के स्थानीय लोगों से पुछताछ करने पर पाया गया की आदित्य पाठक कल संध्या में ड्यूटी के लिए पहुँचा था परन्तु सुबह में देखा गया तो गार्ड रूम परिसर में आदित्य कुमार पाठक मृत पड़ा है। शव को विधिवत कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया है।» पुलिस टीम द्वारा सभी पहलूओं पर जाँच/ छानबीन करते हुए घटना के कारणों का पता किया जा रहा है। विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।» दर्ज कांड:-रिफाईनरी थाना कांड सं0-18/24 दिनांक-11.04.24 धारा-302/34 भा०द०वि०

## आपसी भाईचारे के साथ मना ईद बखरी एसडीएम



**चाणक्य भूमि। बखरी बेगूसराय**

बखरी एसडीएम तथा डीएसपी समेत अन्य पदाधिकारी ईद पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्रों के मस्जिदों, मुस्लिम मोहल्ले तथा भीड़ भाड़ वाले इलाके मे शान्ति व्यवस्था बहाल के लेकर भ्रमण किए। इस दौरान एसडीएम सौरव कुमार सन्नी ने कहा कि ईद पर्व भाई चारे के साथ हो इसको लेकर प्रखंड ही नही अनुमंडल क्षेत्र के अलग अलग मस्जिदें मे लोगो को सद्भभावना ,भाई चारे के साथ ईद पर्व मनाने का संदेश दिया। इस दौरान मक्कखाचक, सलौना स्थित पठान टोली, मोहनपुर, अकहा, समेत मस्जिद तथा मुहल्ले वालों से वार्ता किया। वही बखरी डीएसपी कूंदन कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी जगहों पर ईद का पर्व सद्भभावना के साथ मनाया जा रहा, अभी तक कही से कोई शिक्रायत नही है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र के हरेक मस्जिदों पर पेट्रोलिंग पार्टी तथा घुम रहे।

# धूमधाम से मनाया गया ई द-उल, फितर त्योहार

**चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय**



आसपास में धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-फितर त्योहार, लोगों ने दी एक दूसरे को बधाई रमजान के महीने में रोजा रखने के बाद ईद-उल-फितर भाईचारे और अमन का पैगाम लेकर आती है। आज बड़ी संख्या में लोग बरौनी के पुरानी ईदगाह,रहमानी ईदगाह फुलवरिया गंज,जामा मस्जिद बरौनी पहुंचे और नमाज पढ़ी। ईद में बड़ी संख्या में लोग एक साथ ईदगाह और मस्जिद पर इक्कठा हुए। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में हिन्दू भाईयों ने ईद-उल-फितर की लोगों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की यह शुभ अवसर देश में एकजुटता और भाईचारे की भावना को बढ़ाता रहे। समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद असजद अली,मास्टर अख्तर हुसैन अख्तर,मास्टर मोबिन अख्तर, ने भी बधाई देते हुए कहा कि- 'सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों-बहनों को ईद मुबारक। रमजान के पवित्र महीने के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार समाज में भाईचारे तथा सद्भावना को मजबूत करने का पावन अवसर है। आइए, इस पवित्र अवसर पर हम सब को मानवता की सेवा तथा जरूरतमंदों के जीवन को संवारने का संकल्प लें।' बताते चलें कि बरौनी तथा उसके आसपास के इलाकों में मुस्लिम भाइयों का पवित्र त्यौहार ईद आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया,सुबह से ही बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्ग नए नए परिधानों में फुलवरिया दरगाह रोड स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद उल फितर की नमाज अदा करते हुए एक दूसरे को ईद की बधाई दी। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिंदू समुदाय के लोगों से भी गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए मिलन की प्रतीक सेवइयां भी परोसी गई।मालूम हो कि बुधवार को द्वितीय का चांद दिखने की खबर फैलते ही मुस्लिमों में खुशी की लहर दौड़ गई उसी समय से सभी एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने लगे। ईद उल फितर की नमाज अदा करने से पहले अकीदतमंदो ने रमजान उल मुबारक की आखिरी अशरे से लेकर ईद के दिन सुबह तक यतीम, मिस्कीन,वेवा(विधवा) और बेसहारा लोगों में सदका फित्र निकालकर तक्सीम किया।गया ताकि ऐसे गरीब गुरबा लोग ईद की खुशियों से महरूम ना रह जाए।

## बालू माफिया से पैसे के लेनदेन करने वाले पुलिस कर्मी निलंबित

**चाणक्य भूमि**

सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने उन सभी आठ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है जो बालू माफियाओं से पैसे के लेनदेन में शामिल थे।पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि उन्हें जेल भेजने की तैयारी हो रही है। पुलिस को एक ऑडियो मिला था जिसमे ईन पुलिसकर्मियों द्वारा बालू माफिया से पैसे लेने की बात थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने उक्त मामले की जाँच एसडीपीओ सदर राजकिशोर सिंह को करने का निर्देश दिया था। एसडीपीओ द्वारा जांच में मामला सही पाया गया । जिसके बाद पदाधिकारी और ड्राइवर समेत आठ सदस्यों के खिलाफ जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई थी उसके बाद इनके ऊपर एफआईआर दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# महिला खाताधारी का बैंक परिसर में झोला काट 51 हजार की चोरी

## रतनमाला स्टेट बैंक शाखा परिसर की घटना

**मामले में पीड़िता ने दर्ज करायी केस**

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। स्टेट बैंक की रतनमाला शाखा में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब बैंक के काउंटर पर ही महिला खाताधारी मीरा देवी द्वारा निकासी किये गये 51 हजार रुपये को झोला में ब्लेड मारकर चोरी कर ली और बदमाश चंपत हो गये। महिला द्वारा काउंटर से रुपये लेने झोला में रखने और पासबुक से हिसाब समझने के दौरान ही यह हादसा हो गया।महिला कुछ समझ पाती तबतक बैंक परिसर में पहले से घात लगाये बदमाश घटना को अंजाम देकर बाहर निकल गये।पीड़ित महिला ने झोला को टच किया तो रुपये नदारत थे।महिला रोने चिल्लाने लगी,बैंककर्मी भी जुट गयेलेकिन बदमाशो का पता नही चल पाया।पीड़ित महिला रतनमाला पंचायत के भगड़वा जमुनिया टोला की रहनेवाली है।घटना मंगलवार के दिन 01 बजे की है।पीड़ित खाताधारी मीरा देवी ने इस वावत मझौलिया थाना में एफआईआर किया है।एसएचओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि बैंक और आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।जल्द ही बादमाशो को चिन्हित कर लिया जायेगा।बताते चले कि पीड़ित महिला खाताधारी वार्ड 5 के भगत साह की पत्नी है।चोरी गये रुपये से परिवार के सभी लोग आहत है।बताते चले कि रतनमाला स्टेट बैंक में अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती है।



# मुस्लिम बहुल क्षेत्रो में ईद की रही धूम

## मझौलिया गावं में ईद मिलन समारोह का आयोजन

चाण्क्य भूमि(जापान साह)

**नानोसती**। प्रखण्ड क्षेत्र में परंपरागत ढंग से उल्लास और अदब के साथ ईद मना। रमजान महीने में रोजा रहकर लोगों ने अल्लाह की इबादत की तथा दुआएं मांगी। गुरुवार को ईदगाहों तथा मस्जिदों में ईद का नमाज अता करने के लिए बिरादरी के लोग नये नये परिधानों में सुसज्जित होकर ईदगाह पहुंचे और ईद की नमाज अता की। नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।कई जगह नवरात्र होने के कारण हिन्दू मित्रो के लिये शाकाहारी पकवान की भी व्यवस्था रही।जिला व प्रखण्ड क्षेत्रो में ईद की धूम रही।अहवर शेख,रामनगर बनकट,सरिसवा बाजार,गढ़वा भोगाडी,सेमरा मदरसा,रघुनाथपुर ,जवकटिया,सेमरब्रित के ईदगाहों में बड़ी भीड़ उमड़ी।यहां मेला का नजारा रहा।ईदगाहों के पास मेला का नजारा रहा।कई जगहों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।आलमगंज के हाजी सैयद इजहार हुसेन,माहताब आलम, नेसार अहमद आदि ने सबो को ईद की बधाइयां दी।वही पत्रकार मुन्ना खान के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन।मौके पर गणमान्य लोगों की भागीदारी रही।



# मैनाटांड़ समेत सभी इलाकों में ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई

चाणक्य भूमि मैनाटांड

बसंतपुर बुधवार शाम - को चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद - देने का सिलसिला शुरू कर दिया। - पिछले 1 महीने से भीषण गर्मी में लोग रोजा रखकर खुदा की इबादत - कर रहे थे। ऐसे में ईद का त्यौहार सभी के लिए खुशियां लेकर आया तथा सभी ने एक दूसरे को ईद की - मुबारकबाद पेश की। ईदगाह में शनिवार सुबह ईद की नमाज अदा करवाएंगे। बसंतपुर सुबह 7:30 बजे - ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना जमील अख्तर के द्वारा पढ़ाया गया। तथा सुबह 7 बजे सभी लोग ईदगाह के लिए रवाना हुए बुधवार शाम को ईद का चांद नजर आने के साथ ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखी गई। महिलाओं द्वारा श्रृंगार एवं मेहंदी आदि वस्तुएं खरीदी गई। इस बार हर्षोल्लास के साथ ईद मनाया गया मैनाटांड इनरवा रामपुरवा बसठा सकरौल समेत सभी इलाको में रौनक देखने को मिली ईद उल फितर को लेकर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। बसंतपुर गाँव में ईद उल फितर को लेकर ईदगाह की मरम्मत साफ सफाई में भी मुस्लिम समाज सेवी राजू उर्फ (फरियाद आलम) , हबीब फारुक, उप प्रमुख खुर्शीद आलम, ऐनुल हक अंसारी, शमशु जोहा अंसारी, डीलर शकील अहमद, नसीम अख्तर, सभी का सहयोग देखने को मिला। जिला प्रशासन द्वारा सभी जगहों पर पुलिस के जवानों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया।



# 9 साल की मासूम के साथ के साथ चाचा ने किया दुष्कर्म

चाणक्य भूमि बेतिया

अपनी ही नौ वर्षीय भतीजी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है जिसमे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जिले के कुमारबाग थाना क्षेत्र की है। ईस मामले में पीड़ित की माँ ने महिला थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदन के आलोक में पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। माँ ने अपने आवेदन में बताया है कि बुधवार की रात आरोपी खाना खाने के बहाने बच्ची को बुलाकर अपने घर ले जाने की कोशिश किया। लेकिन बच्ची नहीं जा रही थी। तब घर वाले उसे उसके साथ भेज दिए। जिसके बाद वह उसे घर के बगल स्थित भूसा रखने के लिए बने झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी जब घरवालो को हुई तब गुरुवार की सुबह वे 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दिए। सूचना पर पहुंचीं कुमारबाग पुलिस द्वारा महिला थाने के सहयोग से बच्ची का मेडिकल जांच कराई। और आरोपी को त्वरित गिरफ्तार कर आवश्यक कारवाई में जुट गई।

# सिकटा में ईद का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न, ईदगाहों में उमड़ी भीड़



चाण्क्य भूमि(अमित श्रीवास्तव)

**सिकटा**। प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल मेंमुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन और खुशहाली की दुआ। हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा कर देश भर में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। जिसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी गई। ईद के मौके पर बड़ी संख्यां में बच्चे बुजुर्ग नौजवान लोगों ने सुबह सबेरे ईदगाह पहुंच ईद की नवाज अदा की। ईद के मद्देनजर थानाध्यक्ष राज रोशन की ओर से सुरक्षा और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसको लेकर जगह जगह पुलिस बलों की तैनाती देखी गई। यह तश्वीर सिकटा बाजार स्थित ईदगाह का है। जहां बड़ी संख्यां में लोग ईदगाह पहुंच कर ईद की नवाज अदा की। इस मौके पर थानाध्यक्ष राज रोशन, बी इ ओ अमरनाथ मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। भीड़ के मद्देनजर पर्याप्त संख्यां में पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# गोनौली गांव मे असामाजिक तत्वों ने मंदिर में लगाई आग



चाणक्य भूमि बेतिया

लौरिया थाना क्षेत्र के गोनौली गांव मे असामाजिक तत्वों द्वारा दुर्गा मंदिर में आगजनी का मामला सामने आया है। घटना आज संध्या की है । आग लगाए जाने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या मे ग्रामीण जमा हो गए । आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया। परंतु सूचना पर पहुंचीं पुलिस प्रशासन ने जनप्रतिनिधि के सहयोग से लोगों को समझा-बुझाकर ग्रामीणों को शान्त कराया और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर कारवाई का आश्वासन दिया। धार्मिक स्थल पर खर-पतवार और गैस सिलेंडर रखकर सामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया है। जिसे मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी ने जप्त कर लिया साथ ही प्रशासन ने धार्मिक स्थल पर लगे हुए कालिख को साफ कराया और तत्काल रंग-रोगन कराया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया की असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है उन्हें किसी हाल में बक्शा नहीं जाएगा, विधि व्यवस्था संधारण में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# गणगौर महोत्सव 2024, रंग बिरंगी संस्कृति का अनूठा उत्सव है गणगौर लोक पर्व



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। मारवाड़ी युवा मंच की बेतिया और बेतिया गरिमा शाखा के संयुक्त तत्वधान में गुरुवार को सागर पोखरा मंदिर प्रांगण में गणगौर विसर्जन हेतु समाज की सभी महिलाओं एवं बेटियों के लिए उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था की गई। इस पर्व को और खूबसूरत बनाने के लिए वहाँ म्यूजिक सिस्टम, ढोल ताशा, सेल्फी बुथ, स्नैक्स एवं शिकंजी की भी व्यवस्था की गई। इस व्यवस्था को और भी रोचक बनाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच बेतिया शाखा, बेतिया गरिमा शाखा के सदस्यों और समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई।मौके पर भीड़ उमड़ी।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा। सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714